नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



3 जयशंकर-अराघची की चौथी बातचीत


4 शिक्षा प्रणाली में एकरूपता क्यों नहीं!


9 वैश्विक चुनौतियों से निपटेगा फंड


11 डुप्लांटिस ने 6.31 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाया



# ईरान से एलपीजी पर बन गई बात


## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर भारत आएंगे एलपीजी से भरे 2 जहाज

**नई दिल्ली, 13 मार्च. रसोई गैस की किल्लत झेल रहे भारत को बड़ी राहत मिली है. ईरान ने भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर दो एलपीजी टैंकर ले जाने की इजाजत दे दी है. शुक्रवार को ही भारत में ही ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने संकेत दिया है. ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत आ रहे दो एलपीजी भरे जहाज को गुजरने की अनुमति देने पर राजी हो गया है.**

वहीं ओमान के सोहार शहर में ड्रोन हमले में 2 भारतीयों की मौत हो गई है. विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी. प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ड्रोन हमले में 11 लोग घायल भी हुए हैं जिनमें 10 भारतीय हैं. अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका आज ईरान पर अब तक के सबसे ज्यादा हवाई हमले करेगा.

(शेष पेज 12 पर)







### पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति से बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं. टेलीफोन पर हुई वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया. उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान और ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं. वहीं ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने जंग के बीच तनाव को कम करने का प्रयास किया है.

### भारत हमारा मित्र देश : ईरान के राजदूत



पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारतीय जहाजों को जल्द ही ईरान की ओर से सुरक्षित निकलने का रास्ता मिलने के संकेत मिले हैं। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को संवाददाताओं के इस सवाल पर कि क्या ईरान भारतीय जहाजों के होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने का रास्ता देगा, उन्होंने कहा कि इस बारे में जल्द ही अच्छी खबर मिलेगी। उन्होंने कहा, हां, क्योंकि भारत हमारा मित्र देश है हमारे बीच सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है.



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा मैंने संसद में कहा कि मोदी सरकार ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता किया है-माइक बंद कर दिया गया। मैंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और एपस्टीन से जुड़े सवाल उठाए - माइक बंद कर दिया गया। मैंने उनकी बेटी की कंपनी में सोरोस के पैसे लगे होने पर बात करने की कोशिश की - माइक बंद कर दिया गया।

# 50 तोला सोना व नकदी लेकर फरार

## फर्जी आयकर अधिकारियों ने ठेकेदार के घर मारी रेड

**15** मिनट में फिल्मी अंदाज में वारदात को दिया अंजाम

**09** बजकर 40 मिनट पर ब्राह्मण मोहल्ला क्षेत्र में हुई घटना





**धार, 13 मार्च. बाग तहसील में फर्जी आयकर अधिकारी बनकर आए बदमाशों ने एक ठेकेदार के घर पर फिल्मी अंदाज में छापा मारकर करीब 50 तोला सोना और नकदी लेकर फरार हो गए. पूरी वारदात लगभग 15 मिनट में अंजाम दी गई. घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर बाग कस्बे के ब्राह्मण मोहल्ला क्षेत्र में हुई. यहां एमपीईबी विभाग से जुड़े ठेकेदार राजकुमार मालवीय के घर एक बिना नंबर की सफेद कार से पांच बदमाश फर्जी अधिकारी बनकर पहुंचे. इनमें से दो बदमाश खाकी वर्दी में थे जबकि तीन सिविल ड्रेस में थे. घर में प्रवेश करते ही उन्होंने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हुए छापे की कार्रवाई शुरू करने की बात कही. बताया गया कि उस समय घर में राजकुमार मालवीय, उनकी पत्नी कृष्णा मालवीय और घर में काम करने वाली एक महिला मौजूद थीं.

बदमाशों ने घर में घुसते ही कहा कि उनके पास सूचना है कि ठेकेदार ने काफी अवैध धन जमा किया है और ब्लैक मनी की शिकायत मिली है. इसके बाद उन्होंने बिना किसी आधिकारिक दस्तावेज दिखाए घर के कमरों की तलाशी लेना शुरू कर दिया और सोना और नकदी लेकर रफू चक्कर हो गए. सूचना मिलते ही बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी कर दी है तथा इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे आरोपियों की पहचान और वाहन की जानकारी मिल सके.

## एक नजर में



### भारत में तेल की कोई कमी नहीं है : सुजाता शर्मा

**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किए जाने के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग मंत्रालयों की ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की.सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है. सरकार ने बताया कि ईरान जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है.

### पाक में आईईडी धमाके में 7 पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम इलाके में शुक्रवार को एक बम धमाके में सात पुलिसकर्मियों की मौत हो गई. यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले के शादि खेल बेट्टानी इलाके में हुआ. पुलिस के मुताबिक गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी को सड़क किनारे लगाए गए आईईडी से निशाना बनाया गया. धमाका इतना तेज था कि एसएचओ आजम, ड्राइवर शाह बहम और चार अन्य पुलिसकर्मी मौके पर ही मारे गए. एक अन्य घायल पुलिसकर्मी इंसाफुद्दीन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई. प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

# आरएसएस में समाज सृजन शक्ति

- सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा
- सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया शुभारंभ




**पट्टीकल्याणा/समालखा, हरियाणा, 13 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक शुक्रवार को माधव सृष्टि परिसर में विधिवत शुरू हो गई. सुबह नौ बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर बैठक का शुभारंभ किया.**

बैठक में देशभर से करीब 1400 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं. प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

प्रेस वार्ता में सह सरकार्यवाह मुकुंद ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को समाज से मिल रहा प्रतिसाद बेहद प्रेरणादायी है. उन्होंने कहा कि समाज की सृजन शक्ति ने स्वयंसेवकों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है. शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025 को नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की मौजूदगी में शुरू हुए थे.

## आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली, 13 मार्च.** केंद्र ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, चक्रवात मोंथा और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई. गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केंद्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है.

# जूडा को मिलेगा 77 हजार स्टाइपेंड

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के निर्देश पर आदेश जारी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 मार्च. मध्य प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में काम कर रहे जूनियर डॉक्टरों को बड़ी राहत मिली है. लंबे समय से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग कर रहे डॉक्टरों की तनख्वाह में राज्य सरकार ने बढ़ोतरी कर दी है. नए आदेश के बाद पीजी और इंटर्न डॉक्टरों को हर महीने पहले से अधिक स्टाइपेंड मिलेगा.**

नए आदेश के अनुसार पीजी फर्स्ट ईयर के जूनियर डॉक्टरों का स्टाइपेंड 75 हजार 444 रुपये से बढ़ाकर 77 हजार 662 रुपये कर दिया गया है. वहीं पीजी सेकेंड ईयर के डॉक्टरों को अब 80 हजार 50 रुपये मिलेंगे, जो पहले 77 हजार 764 रुपये था. साथ ही पीजी थर्ड ईयर के डॉक्टरों का स्टाइपेंड भी बढ़ाकर 82 हजार 441 रुपये कर दिया गया है. बता दें यह आदेश उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए हैं. पिछले दिनों जूनियर डॉक्टर इस मांग को लेकर हड़ताल पर भी चले गए थे. बाद में डॉक्टरों के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी. जिसके बाद सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए स्टाइपेंड बढ़ाने का फैसला किया.

### जूनियर डॉक्टर स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी



उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं. मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों में वे प्रशिक्षण के साथ-साथ मरीजों को लगातार स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करते हैं. ऐसे में राज्य सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.

# महुआ मोइत्रा और निशिकांत दुबे को सुको ने जारी किया नोटिस



**कैश फॉर क्वैरी केस**
**हाईकोर्ट के फैसले पर रोक**

**नई दिल्ली, 13 मार्च. कैश फॉर क्वैरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिसंबर 2025 में दिए गए दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के एक हिस्से पर रोक लगा दी. इस आदेश में लोकपाल को कथित 'कैश-फॉर-क्वैरी' मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति देने पर विचार करने की छूट दी गई थी.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले में महुआ मोइत्रा, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया. यह नोटिस लोकपाल की उस याचिका पर जारी किया है, जिसमें उसने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है. 19 दिसंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल के आदेश को रद्द कर दिया था.

# 47 करोड़ की अवैध सिंथेटिक ड्रग जब्त

## आंध्र प्रदेश में डीआरआई ने की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता) ऑपरेशन व्हाइट हैमर के तहत आंध्र प्रदेश में अवैध अल्प्राजोलाम फैक्ट्री पर केंद्रीय वित्त मंत्रालय की एजेंसी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने छापेमारी कर 47 करोड़ रुपये की 237 किलोग्राम नशे की गोली और इन्हें बनाने में काम आने वाला 3.5 टन से अधिक रसायन जब्त किया . इसके साथ ही एजेंसी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है.**

वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सिंथेटिक ड्रग्स के अवैध निर्माण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए डीआरआई की टीम ने आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के कोंडापल्ली औद्योगिक विकास क्षेत्र में स्थित एक गुप्त इकाई का भंडाफोड़ किया है. यह इकाई मादक औषधियां एवं मनोविकार द्रव्य अधिनियम, 1985 के तहत प्रतिबंधित औषधि अल्प्राजोलाम के विनिर्माण में लगी थी. विज्ञप्ति के अनुसार खुफिया जानकारी पर आधारित और अच्छी तरह समन्वित रूप से यह कार्रवाई 11 और 12 मार्च को की गई.

### 2,860 लीटर विभिन्न रसायन किए जब्त

तलाशी में 800 किलोग्राम से अधिक प्रमुख कच्चा माल, 2,860 लीटर विभिन्न रसायन, और औद्योगिक स्तर के उपकरण जैसे रिएक्टर, ड्रायर और सेंट्रीफ्यूज भी जब्त किए गए. इससे यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित और बड़े पैमाने पर चल रही अवैध निर्माण इकाई थी. प्रारंभिक जांच से पता चला कि इस पूरे अवैध काम का संचालन रासायनिक और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाला एक व्यक्ति कर रहा था. उसका एक सहयोगी हैदराबाद में कच्चे माल की व्यवस्था और वितरण का काम देखता था.

# मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने विपक्ष ने दिया नोटिस



**200 से अधिक सांसदों ने किए हस्ताक्षर**

**नई दिल्ली, 13 मार्च. विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए शुक्रवार संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिए. इस नोटिस पर 200 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं.**

सूत्रों ने बताया कि नोटिस में सात बिंदु हैं. नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना जैसे आरोप शामिल हैं.लोकसभा के 130 सांसदों ने और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं. विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर काफी उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी गुरुवार को कई सांसदों हस्ताक्षर किए.

## गुस्ताखी माफ




**घाटीगांव में सम्मेलन** | मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 122 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

# सीएम ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को दी सौगात

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. जिले के घाटीगांव में लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1,836 करोड़ रुपए की किस्त डाली.**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध से बने हालात के बीच राहुल गांधी के द्वारा की जा रही कथित राजनीति की कड़े शब्दों में निंदा की. राहुल लगातार देश को लज्जित करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं है. हमने प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है. किसी प्रकार की कोई घबराहट की जरूरत नहीं है. कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जा रही है. उन्होंने देश और प्रदेशवासियों से अपील की कि कोई क्राइसिस नहीं है. एलपीजी, पेट्रोल-डीजल सब सुलभ है.

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शबरी माता परिसर में आयोजित सम्मेलन के दौरान ग्वालियर जिले में लगभग 122 करोड़ रुपए की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया. इनमें लगभग 62 करोड़ रुपए के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन किया गया.

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ईरान द्वारा केवल भारत के लिए मार्ग खोला गया है, जिससे भारत में कोई कमी न हो. यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व के आधार पर संभव हुआ है. जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है. केन बेतवा नदी लिंक परियोजना और पार्वती कालीसिंध चंबल योजना का काम तेजी से चल रहा है.

# अमेरिका ने एच-1बी वीजा देने की प्रक्रिया में किया बदलाव

- अब सैलरी के आधार पर होगा चयन
- 1 अप्रैल से नया फार्म आई-129 होगा लागू




**वॉशिंगटन, 13 मार्च. अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है. अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लॉटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा. इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा.**

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी. इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी. नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा.